शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 25/03/24

अपनी माँ के साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाला अभि0 अवैध असलाह कारतूस सहित गिरफ्तार ।

दिनांक 24.03.2024 को आवेदिका श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 आशाराम निवासी ग्राम रायपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा पीआरवी 1356 पर सूचना दी गयी कि उसका बेटा उसके साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास कर रहा हैं तथा जो भी गाँव वाला बचाने आ रहा हैं उस पर भी ईट-पत्थर मार रहा हैं उक्त सूचना पर PRV पहुँची तो अभि0 मुनीश गुप्ता द्वारा PRV पर नियुक्त का0 रवि व का0 विनय डागर पर भी छत से ईट पत्थर बरसाये गये तथा पुलिस व जनता द्वारा काफी समझाने के बाद भी छत से हनी उतरा तथा लगातार गाली गलौच करता रहा। पुलिस टीम द्वारा उसकी चारो तरफ से घेराबंदी करते हुए उसको पकडकर छत से नही उतारा गया। घटना के संबन्ध में श्रीमती शांति देवी द्वारा मु0अ0सं0 114/24 धारा 307/323/504 भा0द0वि0 व पीआरवी कर्मी का0 518 विजय कुमार द्वारा मु0अ0सं0 115/24 धारा 336/332/353 भा0द0वि0 पंजीकृत कराये गये। पीडितो के डाक्टरी परीक्षण कराया गये।

उक्त घटना के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निकट निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस **द्वारा अभियुक्त मुनीश गुप्ता को गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर उसके पास से एक अदद तमन्चा 315 बोर मय 02 कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।**

अभियुक्त का नाम पताः-

मुनीश गुप्ता पुत्र स्व0 आशाराम गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रायुपर थाना से0म0द0 जिला शाहजहांपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

1.मु0अ0सं0 114/24 धारा 307/323/504 भा0द0वि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

2.मु0अ0सं0 115/24 धारा 336/332/353 भा0द0वि0 थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1.एक अदद तमन्चा 315 बोर ।

2. दो अदद कारतूस 315 बोर।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि साहब मैं बाहर दिल्ली काम करता हूँ। मेरा वहां पर एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग हैं जिसके साथ मैने शादी कर ली हैं हमारे दो बच्चे भी हैं। जिनको साथ लेकर में होली पर गाँव में आया था। मेरे पास पैसे नही थे मैने अपनी माँ से पैसे मांगे तो वह मुझे ही उल्टा सीधा कहने लगी इसी बात से नाराज होकर मैने अपनी माँ को जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगा जब गाँव वाले व पुलिस बचाने आई तो तो मैने पुलिस व गाँव वालो पर भी ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिये। मैं गुस्से में था तभी गलती हो गयी।

गिरफ्तार करने वाली टीम–

श्री रोहित कुमार थानाध्यक्ष थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर

उ0नि0 श्री अजय वर्मा , थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर

का0 2792 अतुल शाक्य ,थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर

का0 2675 प्रवीन कुमार थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर

का0 2790 शिवकुमार थाना से0म0द0 जिला शाहजहाँपुर